दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में

वर्ष :- 03 अंक :- 100 मुरादाबाद, 29 July 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पीएम मोदी बोले- जो देश कभी मोबाइल फोन का आयातक था, वह आज उनका निर्यात कर रहा है



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में सेमीकंडक्टर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रौद्योगिकी कंपनियों को 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता दी जाएगी। उन्होंने शुक्रवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने सेमीकंडक्टर उद्योगों को हर तरह की सुविधाएं दी हैं। पीएम मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर डिजाइन पर पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए भारत में 300 विद्यालयों की पहचान की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। अपने दौरे के दूसरे दिन यानी शुक्रवार को पीएम मोदी ने गांधीनगर में महात्मा मंदिर सम्मेलन केंद्र में सेमीकंडक्टर उद्योग पर आधारित एक प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। सेमीकॉनइंडिया सम्मेलन 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जैसे सॉफ्टवेयर को अपडेट करना आवश्यक है, वैसे ही यह कार्यक्रम भी है। सेमीकॉनइंडिया के माध्यम से उद्योग, विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं के साथ संबंध अपडेट होते रहते हैं। मेरा यह भी मानना है कि संबंधों में तालमेल के लिए यह आवश्यक है।

### 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता दी जाएगी- मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में सेमीकंडक्टर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रौद्योगिकी कंपनियों को 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता दी जाएगी। उन्होंने शुक्रवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने सेमीकंडक्टर उद्योगों को हर तरह की सुविधाएं दी हैं। पीएम मोदी ने कहा कि सेमीकंडक्टर डिजाइन पर पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए भारत में 300 विद्यालयों की पहचान की गई है।

### सवाल ही नहीं हवा का रुख भी बदल गया- मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले साल हम सभी ने सेमीकॉनइंडिया के पहले संस्करण में भाग लिया था। उस समय इस पर चर्चा हो रही थी कि भारत में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में निवेश क्यों करें? जब हम एक साल बाद अब मिल रहे हैं , सवाल बदल गया है। अब कहा जा रहा है कि निवेश क्यों न करें? सवाल ही नहीं हवा का रुख भी बदल गया है। यह बदलाव आप और आपके प्रयासों से आया है। आप जुड़े हैं, आपका भविष्य भारत की आकांक्षाओं से जुड़ा है। आपने अपने सपनों को भारत की क्षमता से जोड़ा है और भारत कभी किसी को निराश नहीं करता है।

### 21वीं सदी के भारत में आपके लिए अपार अवसर: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि भारत से इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात दो वर्षों में बढ़कर दोगुना से अधिक हो गया है। 21वीं सदी के भारत में आपके लिए अपार अवसर हैं। भारत का लोकतंत्र, भारत की जनसांख्यिकी और भारत से मिलने वाला लाभांश आपके व्यवसाय को दोगुना, तिगुना कर सकता है। इससे पहले उन्होंने गुरुवार को दिन में राजकोट के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का उद्घाटन किया था।

### 2 साल में भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात दोगुना हो गया- पीएम

सेमीकॉनइंडिया सम्मेलन 2023 में प्रधानमंत्री ने कहा कि हम भारत के डिजिटल क्षेत्र और इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण में तेजी से वृद्धि देख रहे हैं। कुछ साल पहले भारत इस क्षेत्र में एक उभरता हुआ खिलाड़ी था और आज वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में हमारी हिस्सेदारी कई गुना बढ़ गई है। 2014 में भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 30 बिलियन डॉलर से भी कम था। आज यह 100 अरब डॉलर को पार कर गया है। सिर्फ 2 साल में भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात दोगुना हो गया है। भारत में निर्मित मोबाइल फोन का निर्यात दोगुना हो गया है। जो देश कभी मोबाइल फोन का आयातक था, वह आज दुनिया के बेहतरीन मोबाइल फोन बनाकर उनका निर्यात कर रहा है।

### दुनिया इंडस्ट्री 4.0 की गवाह बन रही- प्रधानमंत्री

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज दुनिया इंडस्ट्री 4.0 की गवाह बन रही है। जब भी दुनिया में कोई औद्योगिक क्रांति आई है, उसकी नींव किसी भी क्षेत्र के लोगों की आकांक्षाएं रही हैं। पहले की औद्योगिक क्रांतियां और अमेरिकी सपनों के बीच जो रिश्ता था, आज मैं चौथी औद्योगिक क्रांति और भारतीय आकांक्षाओं के बीच वही संबंध देख सकता हूं।

### राजभवन में गुजरात के मंत्रियों के साथ बैठक की थी

वहीं, गुरुवार देर रात पीएम ने गांधीनगर स्थित राजभवन में गुजरात के मंत्रियों के साथ बैठक की थी। बैठक में पूरा मंत्रिपरिषद शामिल हुआ था। पीएम मोदी के साथ राजभवन में बैठक के दौरान सभी मंत्रियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा किए जा रहे प्रमुख कामों के बारे में प्रधानमंत्री को विस्तार से समझाया था। इसके साथ ही मंत्रियों ने प्रमुख योजनाओं, परियोजनाओं और भविष्य की योजनाओं का विवरण साझा किया था।

### गुजरात को सेमीकंडक्टर हब के रूप में स्थापित करें- भूपेंद्र पटेल

सेमीकॉनइंडिया 2023 में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि यह हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है कि भारत में पहली बार सेमीकंडक्टर विनिर्माण इकाइयां गुजरात में खुल रही हैं।

सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए गुजरात सरकार द्वारा एक विशेष और समर्पित सेमीकंडक्टर नीति तैयार की गई है। हम चाहेंगे कि पीएम मोदी गुजरात को सेमीकंडक्टर हब के रूप में स्थापित करें।

### अश्विनी वैष्णव ने कही यह बात

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा के दौरान, तीन प्रमुख सेमीकंडक्टर समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। पहला माइक्रोन प्रौद्योगिकी है। दूसरा अनुप्रयुक्त सामग्री, सबसे जटिल उपकरण जो सेमीकंडक्टर निर्माण में प्रयोग किया जाता है, उसका निर्माण भारत में किया जाएगा।

तीसरा लैम रिसर्च, यह अपने सेमीवर्स प्लेटफॉर्म पर 60,000 इंजीनियरों को प्रशिक्षित करेगा।

## 'सत्ता की लालच में महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ कर रही भाजपा', राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर बोला हमला



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को मणिपुर में महिलाओं से बर्बरता के मामले में केंद्र की भाजपा सरकार को जमकर खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता की लालच में महिला सम्मान के साथ खेल रही है। यही नहीं, वह देश के स्वाभिमान के साथ भी खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रही। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा कि जो देश महिलाओं का सम्मान नहीं करता। वह कभी भी आगे नहीं बढ़ सकता। सत्ता के लोभ में भाजपा महिला सम्मान और देश के स्वाभिमान, दोनों के साथ खिलवाड़ कर रही है। वीडियो में मणिपुर में दो महिलाओं से बर्बरता, उन्हें निर्वस्त्र कर घुमाने, बृजभूषण शरण सिंह द्वारा महिला पहलवानों का कथित यौन उत्पीड़न, उत्तराखंड में एक महिला की कथित तौर पर हत्या, जिसमें भाजपा नेता के बेटे को आरोपी बनाया गया है, जैसी घटनाओं का हवाला दिया गया है। इसमें बिलकिस बानो सामूहिक दुष्कर्म मामले में दोषियों की रिहाई का जिक्र भी किया गया है। इससे पहले कांग्रेस नेता ने गुरुवार को कहा था कि पीएम मोदी को मणिपुर से कोई लेना देना नहीं है। वो जानते हैं कि उनकी ही विचारधारा ने मणिपुर को जलाया है। राहुल ने कहा कि पीएम मोदी ने मणिपुर को लेकर एक शब्द भी नहीं बोला। देश का एक प्रदेश जल रहा हो तो देश का प्रधानमंत्री कुछ न कुछ तो कहेगा। आपको लगा होगा कि देश के पीएम हवाई जहाज से मणिपुर का दौरा करेंगे। कम से कम इंफाल में ही जाकर लोगों से बात करें, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। उन्होंने आगे कहा कि देश का पिछला कोई भी पीएम होता, चाहें फिर वो कांगेस का ही क्यों नहीं वह वहां जाकर बैठ जाते। मगर आपको हैरानी होगी देश के प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं जा रहे हैं। मणिपुर के बारे में बोल क्यों नहीं रहे हैं, क्योंकि नरेंद्र मोदी चुने हुए लोगों के प्रधानमंत्री हैं। आरएसएस के प्रधानमंत्री हैं। उन्हें मणिपुर से कोई लेना देना नहीं है। वो जानते हैं कि उनकी ही विचारधारा ने मणिपुर को जलाया है।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छीतसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर, विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छीतसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

## मुख्यमंत्री योगी बोले- पूर्वांचल और बुंदेलखंड के नियोजित विकास पर करें फोकस, यहां अपार संभावनाएं



मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नियोजन विभाग के कार्यों की समीक्षा की और अफसरों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बहुआयामी एवं दीर्घकालिक विकास को ध्यान में रखकर बुंदेलखंड और पूर्वांचल विकास निधि का उपयोग किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को नियोजन विभाग के कार्यों की समीक्षा की और प्रदेश में सेक्टरवार पोटेंशियल को प्रोत्साहित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हुए नियोजित और समन्वित प्रयासों का परिणाम है कि प्रदेश की वार्षिक आय में सतत बढ़ोतरी हो रही है। वित्तीय वर्ष 2020-21 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद 16,45,317 करोड़ रुपये थी। जो 2021-22 में लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 19,74,532 करोड़ रुपये हो गई है। वहीं, 2022-23 के लिए तैयार अग्रिम अनुमानों के आधार पर राज्य आय 21.91 लाख करोड़ रुपये से आंकलित हुई है। यह स्थिति संतोषप्रद है। एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य के साथ सतत प्रयास जारी रखा जाए।बुंदेलखंड और पूर्वांचल में विकास की अपार संभावनाएं हैं। हमें इन संभावनाओं को एक्सप्लोर करना होगा। विश्वविद्यालयों व तकनीकी संस्थाओं को इस महत्वपूर्ण कार्य से जोड़ें। कहां, कौन से सेक्टर में प्रयास की आवश्यकता है। किस प्रकार की सहायता दी जानी चाहिए। इन सबका गहन अध्ययन कराया जाए। यह अध्ययन रिपोर्ट नियोजन विभाग में संकलित हों और उपयोगिता अनुसार उन्हें कार्ययोजना में शामिल किया जाए। बुंदेलखंड और पूर्वांचल के विकास के लिए आवंटित निधि का उपयोग बहुआयामी एवं दीर्घकालिक विकास को ध्यान में रखकर स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार हो।आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदेश के सभी चिन्हित जिलों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। नीति आयोग द्वारा डैशबोर्ड चैम्पियन्स आफ चेन्ज पर मई 2023 की सूचना के अनुसार समग्र रूप से देश के प्रथम 10 जनपदों में उत्तर प्रदेश के 06 जनपद आये हैं। बलरामपुर (01), सिद्धार्थनगर (02), सोनभद्र (04), चन्दौली (05), फतेहपुर (08) तथा बहराईच (09) वें स्थान पर हैं। इसी प्रकार, स्वास्थ्य एवं पुष्टाहार विषयगत क्षेत्र में देश के प्रथम 10 जनपदों में उत्तर प्रदेश के 05 जनपद आये हैं। इसमें बलरामपुर (03), सिद्धार्थनगर (04), चन्दौली (05), सोनभद्र (07), एवं श्रावस्ती (08) वें स्थान पर है। शिक्षा विषयगत क्षेत्र में देश के प्रथम 10 जनपदों में उत्तर प्रदेश के 05 जनपद आये हैं। बलरामपुर (01), सोनभद्र (07), श्रावस्ती (08), सिद्धार्थनगर (09) एवं चित्रकूट ( 10 ) वें स्थान पर हैं। वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास विषयगत क्षेत्र में देश के प्रथम 10 जनपदों में उत्तर प्रदेश के 02 जनपद आये हैं। सिद्धार्थनगर (05) एवं फतेहपुर ( 10 ) वें स्थान पर हैं। कार्यक्रम में अच्छी रैंक प्राप्त होने पर नीति आयोग द्वारा प्रदेश के 08 महत्वाकांक्षी जनपदों को अतिरिक्त वित्तीय प्रोत्साहन भी प्राप्त हुआ है। यह प्रयास सतत जारी रखा जाए। आकांक्षात्मक विकास खंड कार्यक्रम शासन की प्राथमिकता में है। शासन स्तर से हर विकास खंड का सतत अनुश्रवण किया जा रहा है। मार्च 2022 से मार्च 2023 तक ओवरऑल डेल्टा रैंकिंग में जनपद कुशीनगर का बिशुनपुरा विकास खंड सर्वश्रेष्ठ रहा है। इसी प्रकार, विषयगत क्षेत्र-वार डेल्टा रैंकिंग के अंतर्गत चिकित्सा एवं पोषण में मझगवां (बरेली), शिक्षा में वजीरगंज (बदायूँ), कृषि एवं जल संसाधन में भीटी (अम्बेडकर नगर), वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास में फतेहगंज (बरेली) और इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट के इंडिकेटर पर सोहांव (बलिया) विकास खंड प्रथम स्थान पर रहा है। ओवरऑल डेल्टा रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ विकास खंड को 2 करोड़ रुपये विषयगत क्षेत्र में प्रथम स्थान पर रहे विकास खंडों को 60-60 लाख रुपये का वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। आकांक्षात्मक विकास खंडों में तैनात सीएम फेलो अच्छा कार्य कर रहे हैं। इनके प्रदर्शन व योगदान की मासिक रैंकिंग तैयार की जाए। आवश्यकतानुसार इनकी ट्रेनिंग भी कराई जाए। इस कार्यक्रम से शोधार्थियों को विकास के विभिन्न क्षेत्रों को समझने भविष्य निर्माण में भी सहायक होगा। ढ़ाई जाए। अब तक प्राप्त 98,046 आवेदनों में से 41440 फैमिली आई.डी. निर्गत की जा चुकी है।

## संपादकीय Editorial

### Third economy guarantee

On the lines of the opposition, Prime Minister Modi has also started serving 'Electoral Guarantee'. Here he has given two special guarantees. The first guarantee has been given to the leaders-MPs of BJP and NDA that their victory is certain in 2024 as well and there is confidence of getting more than 50 per cent public vote. Even the opposition is making such claims that the destruction of the Modi government is certain. More or less such claims and guarantees will continue till the elections. Only mandate will verify the truth. However, the Prime Minister's second guarantee is that during his third term in power, India's economy will be the third largest in the world. At present India is the 5th economy. Japan and Germany are at the third and fourth places respectively. The total credit for the country's economy cannot be given to the Prime Minister or the rulers. There is a simple math that what is the country's gross domestic product (GDP) and economic growth rate. What is the gross value of the country's goods and services. When Narendra Modi was elected the Prime Minister of the country in 2014, India's GDP was USD 2039 billion and we were the 10th largest economy. Since then the economic growth rate has been more than 5-6%, sometimes even touching 8% and the average economic growth of other so-called big countries is less, as a result India is in 5th place with GDP of 3737 billion dollars in 2023. That is, India is still not a country with a total economy of $ 4 trillion. Japan and Germany are economies of over $4 trillion. In fact, the country's size, population, market, purchasing power, production etc. also play an important role in GDP. India is many times bigger and wider than Japan and Germany. America has a population of about 330 million, but it is an economy of more than 26 trillion dollars. China is the world's most populous country, with an economy of over $19 trillion. When India will be the third largest economy in 2027 with $5153 billion, that is, more than $5 trillion, the US will be more than $31 trillion and China will be more than $25 trillion. The first and second place will be occupied and dominated by them. China's economy is five times more than ours. There is no contest at the moment. It can be a pleasant and proud feeling that in 2027, in Prime Minister Modi's possible third term, India's economy will be ahead and better than the economy of countries like Japan, Germany, Britain, France, Brazil, Canada, Italy and Russia. Actually the economy is a regular and continuous flow. There is not much interference or creditable role of power in it. There is constant interference of government policies in import and export. Nevertheless, it is natural to ask the question that why the Indian economy has been progressing ahead of the big countries and the so-called developed economies? During 2014-23, India's GDP has increased by about 83 percent. China's growth during the same period has been around 84 per cent. America has increased only by 54 percent. Except these three economies, the world's largest 10 economies are shrinking. In 2027, India's GDP will be about 38 percent more than in 2023, while the same average of Japan, Germany will be about 15 percent. The fact is that the pace of India's economic growth has slowed down during 2014-23 as compared to 2004-14. During that period, when Dr. Manmohan Singh was the Prime Minister of the country, the GDP grew by a total of 183 percent. Second, it is relatively easy to move from 10th to 5th place, as the difference in GDP between countries is a trillion dollars or less. Now there is a wide gap between the third and first two economies, so it will be challenging for India to move forward.

# 'India Vs India': Battles Over Loaded And Inherent Identities

For political reasons, a new conflict of 'India vs India' is being created. The insistence is that what we are thinking is right and meaningful. In fact, this struggle is one of imposed and implicit identity. The India vs India debate seems to have diverted public attention from the real issues. Congress and all the parties involved in its alliance feel that with the name 'India' they have won the first leg of the election marathon because BJP has only two ways to oppose 'India', either defame it Or separate yourself from India. The second option is not possible for the BJP because Prime Minister Narendra Modi loved the word India till yesterday. For example 'Make in India, Start up India, India first etc'. India was nowhere in these, because the word India does not have that elite sense, which comes in 'India'. But this 'India' also has to be made out of 'Bharat'. opposition has put its court in literal both are trying to their own way and other's meaningless. In debate about identity in the next elections on the that India, which true sense of minimal interest. been a conflict naming of this old country. This or not to keep its Bharat and to like 'India' given but which has now all over the world, The whole country conflict since 75 explanation is that country says 'yes India and when it feet of elders then should we say that been living in the




That's why the the same word in football. Now interpret it in to make each interpretation this ongoing saving its political Lok Sabha pretext of 'India', is still living in 'Acche Dino', has There has always regarding the thousand years duality is to keep ancient name accept the name by foreigners, become popular as its identity. is living in this years. Its simple when this sir' then it is is touching the it is 'India'. Or a 'Bharat' has guise of 'India' for centuries. The same question must have been in front of our forefathers who made the constitution. That is why it is clearly written in Section 1 of Article 1 of the Constitution of India itself that 'Bharat ie India shall be a Union of States' (in original English India that is Bharat shall be a Union of States). This means that even the framers of the constitution were not unanimous on whether this country should be called 'India' or 'Bharat.' So the middle way was found that both the names of this ancient country should be officially accepted. That is, the ancient name Bharat and the ancient name 'India.' But from this, there is a conceptual acceptance of having 'two countries' in the same country that one is India and which has its own thinking, vision and insistence and the other is India which has its own imagination, There are contradictions and problems in understanding history. By the way, the third and official name of India after independence is 'Republic of India' i.e. (Republic of India). There are many names of this ancient country, but India is the most acceptable, but foreigners and external invaders coming to India gave different names to India from time to time, in which India's geographical identity was given more importance than its cultural identity. In the Vedic period, India was Aryavarta, which by the time of Puranic period became Bharat or Bharat Varsha. That's why 'Mahabharata', one of the oldest epics of the world, was also named after the great religious war that took place in India. For this, the name Jambudweep is also mentioned in many places. This word is used in Hindu religious rituals, but apart from this, if we look at the known history, when India comes in contact with other civilizations and cultures, they start calling India by different names. Most have identified India with the Indus river separating the country from the rest of West Asia in mind because Proto-Indian Iranian (3rd century BCE), spoken in present-day Iran (Old Pars or Fars), considered parallel to the Vedic period ) In the language, the Persian people addressed India by the name 'Sindus'. By the way, in the civilization of ancient Mesopotamia (modern Iraq) that flourished three thousand years before Christ, India has been addressed by the name 'Meluha', but this identity is also later. Lost in the aura of the Indus river. The first mention of 'Hindu' for India is found in the book 'Naksh-e-Rustom' written in 486 BC during the time of Persian emperor Dara. Emperor Darius (Darius) first conquered the Sindh province of India in 516 BC. According to this, then this territory was called Hindus (should have been but Sindus, but 'S' was not pronounced in the old Persian language). Later the Greco called India Indic (in which the river Sind became the Indus and later the same word became 'Indica' in Latin) from Latin to 'India' in English. On the other hand, the Muslim invaders called the residents of the other side of the Sindh river as Hindus, which today has become synonymous with a political, cultural and religious identity. Means Hindus to Hind and Hindus or Hindustani living in Hind, but like the British, not all countries call India by the name of 'India'. They have named India according to their languages, which most Indians are not aware of. For example, 'India' is 'Inde' in French, 'La India' in Spanish, 'Indien' in German, 'India or Indio' in Portuguese, 'Al Hind' in Arabic, 'Indos' in Modern Greek, 'Indo' in Korean ', known as 'Yindu' in Chinese, 'Indo' in Japanese. There is no mention of the word 'India' anywhere in it. Now call it because of years of slavery or call it self-deception, we have also accepted India or Indian identity.Have killed Now it is very difficult to change it. By the way, instead of the original name of countries, naming them according to their popular or speech facility is not a new thing. Every country sees and understands the other country through its own eyes. Like the real name of China is 'Zhonguo' in Chinese language, but we call it by the name of China only because we have heard and read this name. The old name of France was 'Gaal', but now it is called France. 'Myanmar' was Brahma Desh for us, later it became Burma and now Myanmar. It took a long time for Sri Lanka to shed its old name of 'Ceylon'. The name Pakistan went because the land which was separated from India on the basis of religion, did not have any separate and united identity of its own. But now a new conflict of 'India vs India' is being created due to political reasons. The insistence is that what we are thinking is right and meaningful. In fact, this struggle is one of imposed and implicit identity. But the interpretations being made of India and India in the form of allegations and counter-allegations are more inspired by half-truths and I would say they are based on the truth. For example, if I.N.D.I.A. It is India, so for whom did the Congress fight for freedom? Didn't fight to maintain the identity of 'India' given by the British. It was the cry of the soul of India bound in the shackles of subjugation to be free. If 'India' is a secular country then what is 'Bharat'? After all the nationalist concepts, no one can deny the fact that India is a pluralistic country and in this lies its identity. Aggressiveness is not India's identity (although we have also paid for it). Since India cannot be separated from India, the opposition parties had to bring in the word Bharat as well. Because only 'India' does not work. Even if it is like 'feel good'. On the other hand, Prime Minister Narendra Modi gave a negative interpretation of India contrary to his own definition of India. He compared the opposition Mahajutan to the 'East India Company' which looted India. For example, with 'Indian Mujahideen' or 'Popular Front of India'. UP Chief Minister Yogi Adityanath compared the opposition alliance to a crow, saying that no matter how hard a crow tries to pretend to be a swan, it cannot peck at pearls. In other sense he can never defeat Modi. Haryana Chief Minister Manohar Lal Khattar called India a fuse bulb. Union Home Minister Amit Shah said that the opposition has come forward in the name of 'India' to get rid of its bad past. That is, BJP says that Congress may be the party of India, but its mentality is of 'India'. On the other hand, Congress and the opposition alliance of 26 parties are interpreting India in their own way. Congress leader Rahul Gandhi took a jibe at the Modi government on the Manipur issue, tweeting, ''Call us whatever you want, Mr. Modi. We are India. We will help heal Manipur and wipe the tears of every woman and child. Will bring back love and peace for all people.'' Earlier, Congress President Mallikarjun Kharge also replied to PM Modi that the Congress party has always been with 'Mother India' i.e. 'Bharat Mata'. The slaves of the British are the political leaders of the BJP. Descendants were the same.'' Now it is a different matter that the word 'Bharat' cannot be used for any negative purpose. One has to take shelter of 'India' for that. So what about Modi's 'India' and Rahul Both 'India' are different? Will the people of India have to choose between these two Indias?

# प्रेमी के शादी से इंकार करने पर प्रेमिका ने रामगंगा नदी में लगाई छलांग, गोताखोरों ने युवती को बचाया

मुरादाबाद। एक युवती ने आत्महत्या करने के लिए रामगंगा नदी के ऊपर बने पुल से नदी में छलांग लगा दी। लड़की के नदी में कूदने के बाद हड़कंप मच गया। लड़की के नदी में कूदते ही उसे बचाने के लिए वहां खड़े गोताखोरों भी नदी में कूद गए। कुछ देर की तलाश के बाद नदी में डूब रही युवती को गोताखोरों ने बाहर निकाला। इसके बाद डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराकर उसका इलाज शुरु करा दिया है। आत्महत्या करने के लिए



नदी में कूदी तमन्ना ने बताया कि पिछले चार साल से उसका सलीम से प्रेम-प्रसंग चल रहा है। सलीम ने उसके साथ सब कुछ किया है और उसे पत्नी की तरह साथ रखा है। अब सलीम शादी से इंकार कर रहा है तो वह जी कर क्या करेगी? अगर उसकी सलीम से शादी नहीं हुई तो वह फिर आत्महत्या कर लेगी। वहीं, घटना की जानकारी मिलने के बाद से ही आरोपी प्रेमी सलीम फरार हो गया है।युवती थाना कटघर के भेसियां गांव की रहने वाली है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में शादी अनुदान योजना ( पिछडा वर्ग ) के अर्न्तगत प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समिति की बैठक सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर शादी अनुदान योजना ( पिछड़ा वर्ग ) के अर्न्तगत प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समिति की बैठक आहूत हुई। बैठक में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के संबंधित अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि माह अप्रैल 2023 व माह मई 2023 में ऑनलाइन किए गये आवेदन पत्रों की संख्या 25 है। उन्होंने शादी अनुदान योजना के अर्न्तगत नये पोर्टल के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। बैठक में



जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी उपजिलाधिकारीगण एवं खण्ड विकास अधिकारीगणों को निर्देश दिए कि जल्द से जल्द लम्बित आवेदनों को निस्तारित कर लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित करें। बैठक में एसडीएम सदर मणि अरोडा, एसडीएम ठाकुरद्वारा, खण्ड विकास अधिकारी मुढापाण्डे, खण्ड विकास अधिकारी छजलैट सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# विश्व प्राकृतिक संरक्षण दिवस पर बच्चों ने ली शपथ




क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा। विश्व प्राकृतिक संरक्षण दिवस के मौके पर विशेष कार्यक्रम ?का आयोजन शुक्रवार को पदमावती सीनियर सेकेंडरी स्कूल के सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन पारूष अरोड़ा एवं प्रधानाचार्या ममता सक्सेना ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर किया।इस मौके पर श्री अरोड़ा ने बच्चों को नेचर के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और सुरक्षित करने के संकल्प के साथ विश्व प्राकृतिक संरक्षण दिवस मनाने का संकल्प दिलवाया।

इसके अंतर्गत बच्चों ने सोलर पैनल, ग्रीन हाउस और रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे कई मॉडल बनाए ि

जसमें बताया गया कि कैसे ग्रीन हाउस में पौधे संरक्षित किए जाते हैं। और वर्षा का जल किस तरह एकत्रित किया जाता है। सूर्य से मिलने वाली ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में कैसे बदला जाए आदि की जानकारी दी। कक्षा ग्यारहवीं के बच्चों द्वारा तैयार स्थायी रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्लांट से स्कूल के वनस्पति उद्यान को सिंचाई में काफी मदद मिलती है। साइंस टीचर्स ने बच्चों को बताया कि यदि हम प्रकृति का संरक्षण नहीं करेंगे तो हमें प्राकृतिक संसाधन, वृक्ष और समृद्ध खनिज आदि प्रकृति से नहीं मिलेंगे ।इसके परिणाम गंभीर होंगे ।इसलिए हमें सावधान रहकर पृथ्वी और उसके संसाधनों की रक्षा करनी होगी। यह दिवस मनुष्य और पृथ्वी पर हर प्राणी के अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण है इसके लिए प्रतिदिन जल संरक्षण करके, नेचुरल रिसोर्सेज़ की रिसाइकलिंग करके प्राकृतिक संसाधनों को बर्बाद होने से रोका जा सकता है। इस मौके पर प्रधानाचार्या ममता सक्सेना ने सभी बच्चों को पौधारोपण करने तथा उनकी उचित देखभाल करने की शपथ दिलाई।इस मौके पर कोऑर्डिनेटर शिवानी सूरी, डॉक्टर एस0आई खान,मानसी यादव, सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

# हमलावर अधिवक्ताओं की पुलिस कर रही पहचान, रिपोर्ट में बढ़ेंगे और नाम

## फॉलोअप : हमलावर अधिवक्ताओं की सदस्यता समाप्त कराने को यूपी बार काउंसिल से पत्राचार करेगी पुलिस

मुरादाबाद- न्यायालय परिसर में बुधवार को अभियुक्त के हमलावरों की पुलिस पहचान में जुटी है। रिपोर्ट में अभी और कई वकीलों के नाम बढ़ेंगे। फिलहाल पुलिस ने हमलावारों की पहचान को न्यायालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों का पुलिस सहारा लेगी। इसके साथ ही हमलावर अधिवक्ताओं की सदस्यता समाप्त कराने को भी पुलिस बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश से पत्राचार करेगी। अभिरक्षा के दौरान अभियुक्त और पुलिस पर हमला करने के आरोपी अधिवक्ताओं के विरुद्ध पुलिस बड़ी कार्रवाई करने की योजना बना रही है। घटना के उपरांत बुधवार रात को जहां सिविल लाइंस थाने में तीन अधिवक्ताओं के विरुद्ध केस दर्ज कराया है, वहीं अब यूपी बार काउंसिल से संबंधित नामजद अधिवक्ताओं की सदस्यता खत्म कराने के लिए पुलिस पत्राचार कर रही है। न्यायालय परिसर के अंदर हुई दुस्साहसिक घटना में डिलारी थानाध्यक्ष व उनके चालक एवं हमराही पुलिसकर्मियों को भी आरोपियों ने पीटा था।इस मामले में डिलारी थानाध्यक्ष हिमांशु चौहाने ने अधिवक्ता रहमान, आबिद, नसरुद्दीन के विरुद्ध नामजद व 10-12 अन्य लोंगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्रकरण की जांच कर रहे सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि हमला करने वाले नामजद आरोपियों के अलावा अन्य लोगों की भी वह पहचान कर रहे हैं। न्यायालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के लिए उन्होंने उच्चाधिकारियों को पत्राचार किया है। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि इस मामले में जो भी अधिवक्ता पहचान में आएंगे, उन सभी की यूपी बार काउंसिलिंग से सदस्यता समाप्त कराने के लिए पत्राचार किया जाएगा।

## यह था पूरा मामला

डिलारी थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर मुंडा में मंगलवार को बुजुर्ग साबिर की धारदार हथियार से हमलाकर हत्या कर दी गई थी। इसमें नामजद अभियुक्त मोहम्मद नबी को लेकर रिमांड के लिए थानाध्यक्ष हिमांशु चौहान हमराही संग न्यायालय परिसर में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी ( सीजेएम कोर्ट ) पहुंच रहे थे। सीजेएम कोर्ट के बाहर बरामदा में पहुंचे ही थे कि वहां पहले से मौजूद अधिवक्ता मोहम्मद नबी पर टूट पड़े। अधिवक्ता रहमान, आबिद, नसरुद्दीन व अन्य 10-12 वकील हथकड़ी वाली रस्सी को ही पकड़ कर अभियुक्त को खींच कर बरामदे के बाहर न्यायालय परिसर में ले आए। इस घटना में अभियुक्त का बचाव कर रहे पुलिसकर्मियों को भी आरोपियों ने पीटा। थानाध्यक्ष डिलारी हिमांशु चौहान ने बताया कि अधिवक्ताओं ने उनसे भी हाथापाई की। उनके साथ वाहन चालक सतीश, कांस्टेबल अंकित और होमगार्ड श्यामवीर भी थे। इनको भी अधिवक्ताओं ने मारा। न्यायालय परिसर में कुछ लोगों ने रिमांड पर लाए गए आरोपी से मारपीट और पुलिस टीम संग भी धक्का-मुक्की की है। इस मामले में थाना सिविल लाइंस में केस दर्ज कराया गया है। अब न्यायालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखकर हमलावरों की पहचान की जा रही है। फुटेज के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध अगली कार्रवाई की जाएगी। - अखिलेश भदौरिया, एसपी सिटी

# खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मूढापाण्डे में सभी मदरसा प्रबन्धकों/प्रधानाचार्यो की बैठक आयोजित हुई

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया है कि खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मूढापाण्डे में सभी मदरसा प्रबन्धकों/प्रधानाचार्यो की बैठक आयोजित हुई बैठक में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा सभी मदरसा प्रबन्धक/प्रधानाचार्य को स्पष्ट निर्देशित किया कि उनके द्वारा वर्ष 2022-23 में अपने मदरसे में नामांकित किए गये सभी छात्र/छात्राओं का शत-प्रतिशत डाटा यू-डायस पोर्टल पर सुचिता के साथ फीड किया जाना अनिवार्य है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही है। जनपद मुरादाबाद में वर्ष 2022-23 मात्र 52 प्रतिशत डाटा ही फीड किया गया है और 48 प्रतिशत डाटा फीड किए जाने हेतु अभी शेष है। सभी मदरसा प्रधानाचार्यो को 31.07.2023 तक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी द्वारा शत प्रतिशत डाटा यू-डायस पोर्टल पर बिना किसी लापरवाही के पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में उपस्थित मौ0 सद्दीक खण्ड शिक्षा अधिकारी भतपुर टांडा, विष्णु शर्मा खण्ड शिक्षा अधिकारी मूढापाण्डे द्वारा समस्त मदरसा प्रबन्धक/प्रधानाचार्य को आश्वासन दिया गया यदि उन्हें छात्र/छात्राओं का डाटा फीडिंग कार्य में किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है, तो ब्लाक संसाधन केन्द्र द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जायेगा। इसके उपरान्त भी यदि मदरसा प्रबन्धक/प्रधानाचार्य द्वारा दिनांक 31.07.2023 तक यू-डायस पोर्टल पर डाटा फीडिंग का कार्य पूर्ण नही किया जाता है, तो उन मदरसों की मान्यता रद्द कर दी जाएगी एवं शासन के निर्देशों के क्रम में अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित मदरसे का होगा। बैठक में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की सुश्री श्रुति 0एस0एम0आई0एस0 द्वारा विकास खण्डों के सभी मदरसों के यू-डायस पोर्टल पर फीड होने से लम्बित छात्र/छात्राओं के डाटा को उपलब्ध कराया गया। बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी मूढापाण्डे, खण्ड शिक्षा अधिकारी भगतपुर टांडा के साथ मदरसा प्रबन्धक/प्रधानाचार्य आदि ने प्रतिभाग किया।

# मण्डलायुक्त ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय परिसर में स्थित जिला राजकीय पुस्तकालय का किया निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- मण्डलायुक्त श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय परिसर में स्थित जिला राजकीय पुस्तकालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने अशोक के वृक्ष का पौधारोपण भी किया। मण्डलायुक्त ने कहा कि पुस्तकालय को बेहतर करने की कोशिश की जा रही है, मुरादाबाद में पहले बहुत अच्छे-अच्छे पुस्तकालय थे जैसे ब्रजरतन पुस्तकालय



एक उदाहरण है। पुस्तकालय बच्चों के लिए आज भी उतना प्रासंगिक है जितना पहले था। उन्होंने कहा कि आज भले ही इंटरनेट की दुनिया हमारे सामने हों जिसमें बहुत सारी नॉलेज ऑनलाइन उपलब्ध है, लेकिन फोकस स्टडी केवल पुस्तक से ही की जा सकती है, इसलिए हम पूरे मण्डल में पुस्तकालयों को एवं पुस्तक पाठन को प्रमोट कर रहें, ताकि बच्चें ज्यादा फोकस्ड रहें। जब मोबाइल फोन से बच्चे पढ़ते है तो जरुरी नही कि इंटरनेट पर सटीक जानकारी उपलब्ध हों। आयुक्त ने कहा कि गांव-गांव लाईब्रेरी पहुंचाने की कोशिश भी की जा रही है।इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार दुबे, ए0डी0 बेसिक बुद्धप्रिय सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# कोर्ट मैरिज के बाद पत्नी को छोड़ने वाले कांस्टेबल पर केस, गर्भपात भी कराने का आरोप

थानाध्यक्ष काठ।आरोपी कांस्टेबल के विरुद्ध कांठ थाने में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। अब इसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई के लिए लिखापढ़ी की जा रही है- संदीप कुमार मीणा, एसपी ग्रामीण।

मुरादाबाद- कांठ थाने में तैनात कांस्टेबल पर उसकी पत्नी ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पति के विरुद्ध कांठ थाने में ही रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस समय कांस्टेबल पुलिस लाइन में है। वह थानाध्यक्ष की बिना अनुमति के महीने भर से गैर हाजिर है। मेरठ निवासी उसकी पत्नी ने मामले में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण से शिकायत की थी। एसपी ग्रामीण के निर्देश पर कांठ थानाध्यक्ष ने प्रकरण में जांच कर कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भी उच्चाधिकारियों को भेज दी है। मेरठ जिले की निवासी महिला का आरोप है कि जब वह स्नातक की छात्रा थी, उस बीच कांस्टेबल मोनू ने प्रेम जाल में फंसाकर दो साल तक उसका शारीरिक शोषण किया। उसने कांस्टेबल को कई बार समझाने की कोशिश की। कोर्ट मैरिज कर लेने का वास्ता कांस्टेबल ने उसे भरोसा दिया था कि वह उसे अपने साथ रखेगा। महिला का आरोप है कि कांस्टेबल ने उससे फोन पर कहा, किसी जानवर के साथ रह लूंगा, लेकिन तुझे साथ में नहीं रखूंगा। महिला ने पुलिस को बताया है कि मोनू से उसकी मुलाकात 2021 में फेसबुक के माध्यम से हुई थी। उन दिनों मोनू मुरादाबाद पुलिस लाइन में ट्रेनिंग कर रहा था। बाद में वे दोनों मिलने-जुलने लगे और कांस्टेबल उसे कई बार मेरठ के होटल भी ले गया। उसने विवाह का वादा कर उससे शारीरिक संबंध बनाए। गर्भपात भी कराया था और फिर वह विवाह करने से मुकर गया।

## कार्रवाई के भय में कांस्टेबल ने की कोर्ट मैरिज

कांस्टेबल मोनू मूल रूप से मुजफ्फरनगर के जानसठ थाना क्षेत्र में अहरोरा गांव का रहने वाला है। महिला का कहना है कि 5 जून 2022 को पासिंग आउट परेड के बाद मोनू को कांठ थाने में तैनाती मिली थी। इसके बाद जब उसने विवाह करने को कहा तो मोनू ने कुछ समय बाद शादी करने की बात कही थी। बाद में कहा कि वह शादी नहीं करेगा।महिला का मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया। महिला के मुताबिक, उसने मेरठ के तत्कालीन एसएसपी प्रभाकर चौधरी से मामले में शिकायत की थी। कार्रवाई के भय से कांस्टेबल मोनू ने उससे 25 जून 2022 को कोर्ट मैरिज कर ली थी। उसने कहा कि जेल जाने से बचने के लिए मोनू ने उससे कोर्ट मैरिज की, लेकिन उसे साथ नहीं ले गया। कांस्टेबल ने उसे भरोसा दिया कि वह कांठ जाकर कमरे का इंतजाम करेगा और फिर उसे साथ रखेगा। यह बात साल भर पहले की है, अब कांस्टेबल उस महिला का मोबाइल नंबर ब्लॉक कर रखे है। कांस्टेबल का पति-पत्नी का आपसी विवाद है। वह अपनी पत्नी को साथ में नहीं रख रहा है, उसने आरोप लगाने वाली महिला से कोर्ट मैरिज कर रखी है। दोनों पति-पत्नी हैं। इस मामले की जांच कर एसपी ग्रामीण को रिपोर्ट भेज दी है। कांस्टेबल मोनू एक माह से थाने से गैर हाजिर चल रहा था। अब वह पुलिस लाइन में है-संजय कुमार पांचाल,

# जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा आयोजित बीमा पॉलिसी वितरण अभियान के अर्न्तगत प्रचार वाहन को दिखाई हरी झण्डी

क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह ने आज कलेक्टेऊट से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित बीमा पॉलिसी वितरण अभियान के अर्न्तगत प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, जिला कृषि अधिकारी



ऋतुषा तिवारी, एलडीएम विशाल दीक्षित सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप स्वयं को व विद्यालय को ढालें प्रधानाचार्य- संभाग निरीक्षक शान्तिपाल गंगवार



क्यूँ न लिखूँ सच
रिठौरा।विद्या भारती बरेली जिले की प्रधानाचार्य व प्रबंधक बैठक का आयोजन सरस्वती शिशु मन्दिर भोजीपुरा में किया गया। वंदना -प्रार्थना के पश्चात तिलकोत्सव व राधे-राधे का पटका व अंगवस्त्र उड़ाकर जिले से आए सभी प्रधानाचार्य व प्रबंधकों का स्वागत - अभिनन्दन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे संभाग निरीक्षक शान्तिपाल गंगवार ने सभी प्रधानाचार्यों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ( एनईपी )के बारे में विस्तार से बताया।इस नवीन शिक्षा नीति से जल्द ही क्रांतिकारी बदलाव भी अब दिखेंगे, अब शिशु वाटिका( एन0सी 0से फर्स्ट )के छात्र भी भारी बस्तों से पूर्ण मुक्त नज़र आयेंगे,छोटे बच्चें अब पुस्तक रहित होकर खेल-खेल में शिक्षण करेंगे,व सीखेंगे वहीं अब किताबों से विदेशी लुटेरे आक्रांताओं का इतिहास व पाठ हटाकर देशभक्तों के पाठों को सम्मलित किया जा रहा है। बच्चों को शिक्षा के साठ संस्कार व राष्ट्रीयता का पाठ भी अवश्य पढ़ायें। अगर समय रहते हम इस ( एनईपी )के साथ नहीं चले तो पिछड़ जायेंगे. विद्या भारती भारत का ही नहीं बल्कि विश्व का सबसे बड़ा गैर सरकारी शिक्षण संस्थान है। संचालन ब्रजभूषण शुक्ल ने किया। जन शिक्षा समिति बरेली जिले के 45 से अधिक प्रधानाचार्य व प्रबंधको ने सहभागिता की सरनाम सिंह यादव,प्रेमशंकर गंगवार प्रेमी जी,राम आसरे शुक्ला प्रधानाचार्य,गोपाल सिंह यादव,भूपराम गंगवार,दीपक सक्सेना,सुरेश गंगवार,शेर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# अलीगढ़ सांकरा व गंगीरी रोड पर धड़ल्ले से दौड़ रहें अधिकारी मौन बने हुए हैं डग्गेमार वाहन

लवकुश ठाकुर-क्यूँ न लिखूँ सच

अकराबाद - अलीगढ़ सांकरा व गंगीरी रोड पर इन दिनों डग्गेमार वाहन पुलिस व परिवहन विभाग की मिलीभगत से नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए धडल्ले से दौड़ रहे हैं। अलीगढ़ गंगीरी कासगंज बस यूनियन के अध्यक्ष बाबा गिर्राज सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे एक



शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि अलीगढ़ गंगीरी इन दिनों डग्गेमार दौड़ रहे है। जिससे व मालिक पर पहुंच गए है। उनके पास आदेश है। जिसमें अधिकारियों को दोनों रुट पर अलीगढ़ सांकरा व कासगंज रोड पर वाहन धडल्ले से निजी बस चालक भुखमरी के कगार उन्होंने कहा है कि हाईकोर्ट के जिले के कहा गया है कि इन चलने वाले डग्गेमार वाहनों पर प्रतिबंध लगाया जाए। एसपी ट्रेफिक ने भी सीओ बरला, छर्रा,व अतरौली को भी इन डग्गेमार वाहनों पर भी कार्यवाई के लिए कहा है। लेकिन अधिकारी खानापूर्ति कर रहे हैं। यूनियन अध्यक्ष का आरोप है कि परिवहन विभाग के अधिकारियों ने रोड पर ट्रकों की चेकिंग तो करते है लेकिन डग्गेमार वाहनों को चेक नहीं किया जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से ऐसे वाहनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

# बच्चों ने "एक बच्चा दो पेड़ अभियान" के अंतर्गत किया पौधारोपण -रोपण



क्यूँ न लिखूँ सच
रिठौरा। बी 0आर 0जीनियस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे卐एक बच्चा दो पेड़ अभियान卐के अंतर्गत तकरीबन पांच सौ पेड़ लगाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नवाबगंज के बी0डी0ओ0 हरीश चंद्र प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख डॉ ए0 के0 गंगवार मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुभाष चंद्र मोर्या जिला नोडल अधिकारी वृक्षारोपण कार्यक्रम माध्यमिक शिक्षा बरेली उपस्थित रहे। मुख्य अथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक अंकुर गंगवार, डॉ एम0 एल0 गंगवार, प्रधानाचार्या मौसुमी शर्मा, के0 पी0 गंगवार व शिक्षकों द्वारा बड़ी धूम- धाम से किया गया। पौधारोपण रोपण के उपरांत अपने भाषण में नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र मोर्या ने सभी बच्चों को अपने लगाए गए पोधों की उचित देखभाल करने की सलाह दी ।इसी तरह से विद्यालय में होने वाले अन्य कार्यक्रमों में शत-प्रतिशत भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। अंत में उन्होंने प्रधानाचार्या मौसुमी शर्मा को इस कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी। प्रबंधक अंकुर गंगवार ने आगे भी विधालय में ऐसे कार्यक्रम कराते रहने का आश्वासन दिया।

# एसएसपी साहब सड़क पर हो रहा है नंगनाच, पुलिस सो रही है

लवकुश ठाकुर-क्यूँ न लिखूँ सच

हरदुआगंज -ये नंगनाच शाम को कस्बा हरदुआगंज के हनुमानगढ़ी रोड पर हुआ... मैरिज होम के निकट डीजे की दुकान है, यहां पहले शराब पार्टी चली, फिर कानफोड़ू अश्लील संगीत का दौर चला। असमाजिक गुंडा तत्व शराब के नशे में सारी हदें भूल गए और कपड़े उतारकर नंगे होकर नाचने लगे। ये सब शाम 08~00 बजे से रात 10~00 बजे तक चला। इस डीजे की दुकान के पास ही एक दूध-दही व मिष्ठान की दुकान है। यहां बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शाम से देर रात तक दूध आदि सामान लेने आते हैं। आसपास घनी आबादी है। हैरानी की बात ये कि सावन व मोहर्रम मास में पुलिस-प्रशासन खुद ही खुद को सख्त होने एवं व्यवस्था चाक चौबंद होने का दावा करता है तो फिर सरेशाम घनीबस्ती के बीच सड़क पर ये नंगनाच कैसे क्या पुलिस कस्बे में गश्त नहीं करती?यदि करती होती तो इन गुंडों की इतनी हिमाकत कि बीच सड़क पर शर्ट बनियान व कच्चे उतारकर नंगे नाचें.....क्या हरदुआगंज में जंगलराज है? पुलिस प्रशासन से जनता ये जरूर पूछे वजह ये भी है- लोग बताते हैं कि नए कस्बा इंचार्ज व बीट सिपाहियों की अच्छी खासी कृपा होने से कस्बा में सट्टा, जुआ, गांजे आदि कारोबार पर मौसम की तरह बहार आ गई है....महीनेदारी सेट होते ही इन गुंडों का भय भी भाग गया...पुलिस महाराज की कृपा ऐसी बरसी है कि नंगो की पौबारह होने लगी तो वह सार्वजनिक गली को अड्डा मानने लगे हैं। मणिपुर जैसी हिंसा होने में देर नहीं लगती -लोगों का कहना है कि नौ बजे के करीब इन नंगों पर शराब व संगीत का ऐसा सुरूर चढ़ा कि इन्होंने वाहनों तक को रोड के दोनों ओर रोक दिया, नंगे होकर रोड पर बैठकर लेटकर ठुमके लगाते रहे, खुलेआम पैग पीने के साथ मां बहन की गलियों के साथ जो भी बोले उसमें मार गोली जैसे शब्द इनके मुंह के आभूषण बने हुए थे, रुकी हुई कारों में महिलाएं भी थी। 30 मिनट तक आलम ये रहा कि यही यहां कोई महिला गलती से आ जाए तो ये गुंडे उसे भी नंगी कर देते। आसपास भी ख़ौफ़ व्याप्त रहा।





# पाइप चोरी करते पांच चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

लवकुश ठाकुर-क्यूँ न लिखूँ सच

अकराबाद - थाना पुलिस ने गांव अधौन स्थित एक गोदाम से प्लास्टिक के पाइप चोरी कर लेजाते पांच चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गांव अधौन निवासी निशाकत ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि सुबह समय करीब 6.30 बजे वह अपने गांव में स्थित तिराहे के पास गोदाम पर पहुंचा तो देखा पांच लोग उसके गोदाम में रखे प्लास्टिक के पाइपों को काटकर टेंपो में लाद रहे थे। जब उसने कहा कि आप चोरी क्यों कर रहे हो तो इस पर चोर उसे धमकी देकर कहने लगे कि यहां से चले जाओ नहीं तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। उन चोरों में से उसने एक को पहचान लिया जो कि गांव का जाविद पुत्र जलिल खां था। मेरे द्वारा शोर मचाने पर आरोपित पीछे भागा तो उसने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। और पुलिस ने सभी पांचो आरोपियों को प्लास्टिक के पाइप तथा टेंपो सहित पकड़ लिया।गिरफ्तार करने वाली टीम में हैडकांस्टेबल प्रवीन कुमार, प्रदीप कुमार, सिपाही गुरुवेंद्र आदि थे। इस संबंध में थाना प्रभारी एमपीसिंह ने बताया है कि पकड़े गए आरोपियों जाविद पुत्र जलिल खां,निवासी गांव अधौन,रहीस पुत्र जुम्मन खां निवासी गांव भरतुआ थाना महुआखेड़ा, शाहरुख पुत्र मुनेश खां निवासी गांव मानिकपुर थाना सहपऊ जनपद हाथरस,इमरान खां पुत्र इसरायज खां निवासी गांव महरमपुर थाना शमशाबाद जनपद आगरा व सकील पुत्र हबीब खां निवासी नगला पटवारी थाना क्वार्सी से पाइप व टेंपो बरामद कर पांचो आरोपितों को जेल भेजा है।

# महिला की मौत पर बवाल डाक्टर फरार मुकदमा दर्ज सीएमओ साहब फर्जी हॉस्पिटल पर आखिर कब कार्रवाई होगी

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच
अलीगढ़ महानगर के क्वार्सी चौराहे से चंद कदम आगे रामघाट रोड स्थित बघेल हास्पिटल में दोपहर महिला की मौत पर परिजन बिफर गए। स्टाफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव सडक़ पर रखकर जाम लगा दिया और अस्पताल में तोडफ़ोड़ कर दी। इस दौरान काफी देर तक हंगामा हुआ।

## अस्पताल में बवाल

खबर पर पहुंचे पुलिस बल ने जैसे तैसे हालात नियंत्रित किए। इसी बीच भाजयुमो जिलाध्यक्ष भी वहां पहुंच गए। उन्होंने पीड़ित परिवार के साथ खड़े होकर पुलिस अधिकारियों से वार्ता की और कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए हगामा शांत कराया। मामले में फिलहाल मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## पुलिस से झड़प

मूल रूप से बुलंदशहर के रामघाट क्षेत्र के गांव कड़ी का नगला की पूनम पत्नी बंटी को 23 जुलाई को पेट में दर्द के चलते बघेल हास्पिटल लाया गया। जहां डाक्टर ने पूनम को भर्ती कर लिया। ऑपरेशन करने के नाम पर उसे ओटी में ले जाया गया और फिर वहां से आईसीयू में शिफ्ट कर दिया। इसके बाद महिला से परिजनों को नहीं मिलने दिया गया। सुबह से परिजन यहां एकत्रित हो गए और महिला से मिलने की जिद करने लगे। दोपहर में किसी तरह प्रयास कर महिला को दिखाया तो वह मृत थी। यह देख परिजन बिफर गए और हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों के बिफरते ही हॉस्पिटल संचालक डा.उमेश बघेल वहां से भाग गए। इसके बाद परिजनों ने शव बाहर लाकर सडक़ पर रख दिया और जाम लगा किया। साथ में हॉस्पिटल में तोडफ़ोड़ कर दी। इस दौरान करीब घंटे भर तक जाम के चलते हंगामा व अफरा-तफरी का माहौल रहा।

## पुलिस और जनता

हालांकि सूचना पर क्वार्सी व महुआ खेड़ा पुलिस के साथ पीएसी भी आ गई। परिवार की सूचना पर युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवीर लोधी भी आ गए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से वार्ता की। वहां हॉस्पिटल पक्ष की ओर से कोई बात करने को मौजूद न था। इस पर पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया। तब जाकर हंगामा शांत हुआ। मामले में मृत महिला के भाई मुकेश निवासी तरेंची पालीमुकीमपुर की ओर से डा.उमेश बघेल व हॉस्पिटल स्टाफ के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

सीओ तृतीय एके सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज क्र लिया है। बाकी तथ्यों की जांच, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आदि के आधार पर आगे कार्रवाई तय की जाएगी

# एडीजीपी अंशुमान यादव की बेटी ने बढाया जनपद का गौरव

निशाकांत शर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच
एटा-अपर पुलिस महानिदेशक अंशुमान यादव ( द्व क्क्स) की बेटी अपेक्षा यादव ने देश की प्रतिष्ठित यूजीसी नेट परीक्षा -2023 मे अपने पहले प्रयास में ही परीक्षा पास कर सफलता का परचम लहरा कर अपने जनपद का गौरव बढाया है।



अपेक्षा यादव का चयन भारत के सर्वोत्तम प्रबंधन संस्थान,आई आई एम मे जूनियर रिसर्च फैलॉशिप और असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर हुआ है। मेधावी बेटी ने इस उपलब्धि का श्रेय जनपद मे विख्यात रचनात्मक व उत्कृष्ट समाज सेवा करने वाले अपने माता-पिता को दिया है क्योकि उन्ही से प्रेरणा लेकर सामाजिक कार्यो में प्रोफेशनल मास्टर डिग्री व शोध कार्य कर अपना कॅरियर बनाया है।आप हमेशा मेधावी छात्रा रही है और दिल्ली विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की है।

# धनीपुर पर 250 केवीए के दोनों ट्रांसफार्मर नहीं कर रहे हैं काम प्रस्तावित 400 केवीए के ट्रांसफार्मरों को अतिशीघ्र लगवाया जाए

लवकुश ठाकुर
क्यूँ न लिखूँ सच
